कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री लक्ष्य खण्डेलवाल द्वारा श्री प्रदीप खण्डेलवाल पता–रामपुरा बोरोदा दौसा राज0 303507

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उपखण्ड अधिकारी दौसा

अपील संख्या 18/2024

निर्णय

दिनांक 22.05.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2024/1206 दिनांक 22.04.2024 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्ति जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांक:251 दिनांक 24.04.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि वांछित सूचना उपखंड अधिकारी दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अति0 जिला कलक्टर दौसा ने उपखंड अधिकारी दौसा को सीधे ही अपीलांट को वांछित सूचना निःशुल्क देने के निर्देश दिये गये किन्तु लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी दौसा की ओर से कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। जिससे यह ज्ञात होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी दौसा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 12:34:27 IST
Reason: SelfAttested